उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम गुरुवार हेतु निर्धारित श्री शाहनवाज खान, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।

प्रश्न	उत्तर
7(क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा शिक्षा) बतायेंगे कि जनपद-सहारनपुर में शेखल हिन्द मौलाना मेडिकल कालेज में सी0टी0 स्कैन व अन्य सुविधायें नही है जिस कारण मरीजों को बाहर हायर सेन्टर जाना पड़ता है?	राजकीय मेडिकल कालेज सहारनपुर में ई0सी0आर0पी0-2 योजना के अंतर्गत सी0टी0 स्कैन मशीन की स्थापना दिनांक 25.06.2024 को की जा चुकी है। सी0टी0 स्कैन मशीन द्वारा दिनांक 25.06.2024 से ही रोगियों की जॉच की जा रही है। राजकीय मेडिकल कालेज सहारनपुर से सम्बद्ध चिकित्सालय में आई0सी0यू0, एस0आई0सी0यू0, पी0आई0सी0यू0 की सुविधायें, पैथालॉजिकल सेवायें व डिजीटल एक्स-रे की सुविधायें 24x7 उपलब्ध हैं। नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड व इमरजेंसी अल्ट्रासाउण्ड किये जाते हैं। ब्लड बैंक की सुविधा भी 24x7 उपलब्ध है। उक्त के अतिरिक्त हृदय एवं किडनी, यूरोसर्जरी जैसे रोगों के उपचार हेतु वर्तमान में सुपरस्पेशियालिटी सेवाएं उपलब्ध हैं। रोगियों को कलर डॉपलर इको कार्डियोग्राफी, ई0सी0जी0, डायलिसिस, पीडियाट्रिक सर्जरी इत्यादि की सुविधायें नियमित रूप से प्रदान की जा रही हैं।
(ख) यदि हां, तो कब तक यह सुविधायें सुचारू रूप से चालू हो जायेंगी?	उपर्युक्तानुसार।
(ग) यदि नहीं, तो क्यों?	प्रश्न नहीं उठता।

ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री।